Under CSR Support by ipca Foundation missiongyan

# अध्याय - 4 | भारत में कृषि के प्रकार

QUIZ PART-03

1. **गन्ने की खेती के लिए उपयुक्त तापमान सीमा क्या है?**
   A. 10° – 20°C
   B. 15° – 25°C
   C. 21° – 27°C
   D. 30° – 35°C (C)

*व्याख्या :* गन्ना 21° – 27° सेल्सियस तापमान में अच्छी तरह उगता है।

2. **भारत में मूँगफली का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य कौन सा है?**
   A. राजस्थान
   B. महाराष्ट्र
   C. तमिलनाडु
   D. गुजरात (D)

*व्याख्या :* गुजरात देश में मूँगफली उत्पादन में सबसे आगे है।

3. **भारत में चाय की खेती की शुरुआत किसने की थी?**
   A. मुगलों ने
   B. फ्रांसीसियों ने
   C. अंग्रेजों ने
   D. डचों ने (C)

*व्याख्या :* भारत में चाय की खेती की शुरुआत अंग्रेजों द्वारा की गई थी।

4. **भारतीय कॉफी किस गुण के लिए प्रसिद्ध है?**
   A. कम लागत
   B. बड़ी मात्रा
   C. गुणवत्ता
   D. रंग (C)

*व्याख्या :* भारतीय कॉफी अपनी गुणवत्ता के लिए विश्व प्रसिद्ध है।

5. **भारत में चाय के बागानों में श्रम कैसा होता है?**
   A. यांत्रिक
   B. न्यूनतम
   C. श्रम-गहन
   D. स्वचालित (C)

*व्याख्या :* चाय की खेती श्रम-गहन होती है, इसमें प्रचुर मात्रा में श्रमिकों की आवश्यकता होती है।

6. **बागवानी फसलों में कौन सा फल नागपुर में प्रमुख रूप से उत्पादित होता है?**
   A. अंगूर
   B. संतरा
   C. आम
   D. सेब (B)

*व्याख्या :* नागपुर महाराष्ट्र में संतरे के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है।

7. **भारत में गन्ने से प्राप्त मुख्य उत्पाद नहीं है:**
   A. शीरा
   B. खांडसारी
   C. गुड़
   D. तेल (D)

*व्याख्या :* गन्ने से तेल नहीं प्राप्त होता, जबकि शीरा, खांडसारी और गुड़ प्रमुख उत्पाद हैं।

8. **भारत में तिल की फसल किस ऋतु में बोई जाती है?**
   A. केवल खरीफ
   B. केवल रबी
   C. जायद
   D. खरीफ और रबी दोनों (D)

*व्याख्या :* तिल की फसल को खरीफ और रबी दोनों ऋतुओं में बोया जा सकता है।

9. **भारत में अंगूर उत्पादन का प्रमुख राज्य कौन सा है?**
   A. पंजाब
   B. उत्तर प्रदेश
   C. महाराष्ट्र
   D. असम (C)

*व्याख्या :* महाराष्ट्र भारत में अंगूर उत्पादन के लिए जाना जाता है।

10. **भारत में कॉफी की खेती की शुरुआत कहाँ हुई थी?**
    A. अरावली की पहाड़ियाँ
    B. बाबा बुदन की पहाड़ियाँ
    C. पश्चिमी घाट
    D. दार्जिलिंग की पहाड़ियाँ (B)

*व्याख्या :* भारत में कॉफी की खेती की शुरुआत बाबा बुदन की पहाड़ियों में हुई थी।

DESH KA APNA SCHOOL